# SAIL Recruitment 2019

# 60 पदों पर होगी भर्ती

## sail.co.in पर करें आवेदन

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

भारत की महारत्न कंपनी, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड ने कुल 60 पदों को भरने के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किए हैं। इसके तहत मैनेजमेंट ट्रेनी (एडमिनिस्ट्रेशन) के पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी। ये पद अलग-अलग विषयों के लिए भरे जाएंगे। एक वर्ष की ट्रेनिंग को सफलता पूर्वक पूरी करने के बाद इन्हें जूनियर मैनेजर के पदों पर पदस्थ कर दिया जाएगा। इच्छुक और योग्य उम्मीदवारों को इन पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन करना होगा। आवेदन करने की अंतिम तिथि 18 जून 2019 है। रिक्त पदों से संबंधित अधिक जानकारी के लिए आगे पढ़ें -

### मैनेजमेंट ट्रेनी (एडमिनिस्ट्रेशन), कुल पद: 60 (अनारक्षित- 27)

(विषय के अनुसार रिक्तियों का वर्गीकरण)

**एचआर, पद :** 30
**मार्केटिंग, पद :** 10
**मैटेरियल्स मैनेजमेंट, पद :** 20

योग्यता (उपरोक्त सभी पद) : मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी अथवा संस्थान से प्रथम श्रेणी के साथ किसी भी विषय में बैचलर डिग्री प्राप्त होनी चाहिए।

- इसके साथ ही ह्यूमन रिसोर्स/पर्सनल मैनेजमेंट एंड इंडस्ट्रियल रिलेशन/पर्सनल मैनेजमेंट/मार्केटिंग में न्यूनतम 60 फीसदी अंकों के साथ एमबीए डिग्री या पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा प्राप्त किया हो।
- एससी/एसटी और दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए शैक्षणिक योग्यता में 50 प्रतिशत अंक होने निर्धारित किए गए हैं।

**आयु सीमा :** अधिकतम 28 वर्ष। आयु की गणना 14 जून 2019 के आधार पर की जाएगी।

- अधिकतम आयु में एससी/एसटी उम्मीदवारों को पांच वर्ष और ओबीसी वर्ग के आवेदकों को तीन वर्ष की छूट मिलेगी।
- दिव्यांग श्रेणी के उम्मीदवारों को आयु सीमा में दस वर्ष की छूट दी जाएगी।

#### वेतनमान

**ट्रेनिंग के दौरान :** 20,600 से 46,500 रुपए।
**ट्रेनिंग के बाद :** 24,900 से 50,500 रुपए।

**शारीरिक मापदंड :** उम्मीदवार शारीरिक रूप से पूरी तरह स्वस्थ होना चाहिए।


- आवेदन का वजन कम से कम 45 किलोग्राम और लंबाई 150 सेंटीमीटर होनी चाहिए।

**चयन प्रक्रिया :** योग्य उम्मीदवारों का चयन ऑनलाइन लिखित परीक्षा, ग्रुप डिस्कशन और साक्षात्कार में प्रदर्शन के आधार पर किया जाएगा।

#### आवेदन शुल्क

- सामान्य और ओबीसी वर्ग के उम्मीदवारों के लिए 700 रुपए।
- एससी/ एसटी/ दिव्यांगों/ ईडब्ल्यूएस वर्ग के लिए 100 रुपए।
- शुल्क का भुगतान ऑनलाइन माध्यम से क्रेडिट कार्ड/ डेबिट कार्ड/ इंटरनेट बैंकिंग के जरिए एसबीआई कलेक्ट अकाउंट नबर में पेमेंट चालान से किया जा सकता है।

**एसबी कलेक्ट अकाउंट नंबर :** 34669119094
**ब्रांच :** लोधी रोड ब्रांच नई दिल्ली



#### आवेदन प्रक्रिया

- सबसे पहले वेबसाइट (www.sail.co.in) पर लॉगइन करें। होमपेज पर ऊपर की ओर करियर सेक्शन पर क्लिक करें। ऐसा करने पर नया वेबपेज खुल जाएगा।
- यहां जॉब्स सेक्शन के व्यू ऑल लिंक पर क्लिक करें। खुलने वाले नए वेबपेज पर एमटी रिक्रूटमेंट शीर्षक के नीचे दिए गए RECRUITMENT FOR THE POST OF MANAGEMENT TRAINEE (ADMINIS-TRATION) -ENGLISH लिंक पर क्लिक करें।
- ऐसा करने पर रिक्तियों से संबंधित जारी किया गया विस्तृत विज्ञापन खुल जाएगा। इसे ध्यान से पढ़ें और पदों के अनुसार अपनी योग्यता की जांच करें।
- ऑनलाइन आवेदन करने के लिए पिछले वेबपेज पर वापस आना होगा। यहां विज्ञापन लिंक के ऊपर आवेदित पद के लिंक दिए गए हैं।
- आवेदित पद के लिंक पर क्लिक करें। खुलने वाले वेबपेज पर अप्लाई नाऊ बटन पर टैब करें।
- ऐसा करते ही ऑनलाइन आवेदन फॉर्म आपकी कंप्यूटर की स्क्रीन पर खुल जाएगा।
- इसे विज्ञापन में दिए दिशा-निर्देशों के अनुसार भरें। इसके साथ ही मांगे गए सभी जरूर दस्तावेजों की स्कैन कॉपी अपलोड करें।
- पासपोर्ट साइज फोटो का साइज 50 केबी, सिग्नेचर और अंगूठे के निशान का साइज 30 केबी तक होना चाहिए।
- अपलोड की जाने वाली सभी फाइल जेपीजी/ जेपीईजी फॉर्मेट में होनी चाहिए।
- पूर्ण रूप से भरे गए आवेदन को फाइनल सब्मिट करने से पहले एक बार अवश्य जांचें। पूरी तरह से संतुष्ट होने के बाद आवेदन को सब्मिट करें।
- फिर अपनी श्रेणी के अनुसार आवेदन शुल्क का भुगतान करें। इसके बाद आवेदन का ए4 साइज के पेपर पर प्रिंटआउट निकाल कर अपने पास सुरक्षित रखें।

#### महत्वपूर्ण तिथि

ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि
**18 जून 2019**
अधिक जानकारी यहां
**वेबसाइट :** www.sail.co.in



# IRCTC में सुपरवाइजर की 74 भर्तियां, इंटरव्यू से होगा सेलेक्शन

IRCTC

इंडियन रेलवेज कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईआरसीटीसी), साउथ जोन, चेन्नई में सुपरवाइजर (हॉस्पिटैलिटी) के पदों पर रिक्तियां निकाली गई हैं। इसके तहत कुल 74 रिक्त पदों पर दो वर्ष के अनुबंध के आधार पर नियुक्तियां की जाएंगी। ये नियुक्तियां तमिलनाडु, केरल और कर्नाटक राज्य के लिए होंगी। जिसे उम्मीदवार के कार्य प्रदर्शन के आधार पर एक वर्ष बढ़ाया जा सकता है। इन पदों के भरने के लिए वॉक-इन-इंटरव्यू का आयोजन किया जाएगा। इंटरव्यू 11, 13 और 15 जून 2019 को होगा होगा।

### सुपरवाइजर (हॉस्पिटैलिटी), पद : 74

**योग्यता :** मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी/संस्थान से हॉस्पिटैलिटी एंड होटल एडमिनिस्ट्रेशन में बीएससी डिग्री प्राप्त होनी चाहिए।

- इसके साथ ही संबंधित क्षेत्र में कम से कम दो वर्ष का कार्यानुभव होना चाहिए।
- उम्मीदवारों को हिंदी और अंग्रेजी भाषा लिखने व पढ़ने में दक्ष होना चाहिए।

**वेतन :** 25,000 रुपए।

**आयु सीमा :** अधिकतम 30 वर्ष। आयु की गणना 01 जून 2019 के आधार पर की जाएगी।

- अधिकतम आयु में एससी/एसटी उम्मीदवारों को पांच वर्ष और ओबीसी वर्ग के उम्मीदवारों को तीन वर्ष की छूट दी जाएगी।

**चयन प्रक्रिया :** योग्य उम्मीदवारों का चयन वॉक-इन-इंटरव्यू में प्रदर्शन के आधार पर किया जाएगा।

**आवेदन शुल्क :** इन पदों पर आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों को कोई शुल्क नहीं देना होगा।

#### आवेदन प्रक्रिया

- इच्छुक उम्मीदवारों को वेबसाइट (www.irctc.com) पर लॉगइन करना होगा।
- होमपेज खुलने पर यहां स्क्रॉल हो रहा Notification for Walk-in-Interview for the post of Supervisor/Hospitality(Contract basis)/IRCTC/South zone/Chennai लिंक नजर आएगा।
- इस लिंक पर क्लिक करें। ऐसा करते ही रिक्तियों से संबंधित विज्ञापन डाउनलोड हो जाएगा। इसे अच्छी तरह से पढ़ें और पद के अनुसार अपनी योग्यता की जांच कर लें।
- विज्ञापन के साथ ही आवेदन पत्र का प्रारूप संलग्न किया गया है। इसका ए4 साइज के पेपर पर एक प्रिंटआउट निकाल लें।
- अब आवेदन पत्र में मांगी गई सभी जानकारियों को दर्ज करें और निर्धारित स्थान पर अपना हालिया खिंचाया गया रंगीन फोटोग्राफ चिपकाएं।
- अब इस आवेदन पत्र और मांगे गए सभी प्रमाण पत्रों की सेल्फ अटेस्टेड फोटोकॉपियों व मूल प्रतियों के साथ निर्धारित तिथि और तय पते पर इंटरव्यू में शामिल होने के लिए पहुंचें।